Downloaded From :http://cbseportal.com/

CBSE PORTAL
www.cbseportal.com

**SET-1**

**Series HRK/2**

कोड नं.
Code No. **4/2/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 18 प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# संकलित परीक्षा – II

## SUMMATIVE ASSESSMENT – II

# हिन्दी

# HINDI

## (पाठ्यक्रम ब)

## (Course B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 90*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 90*

***निर्देश :*** *(i) इस प्रश्न-पत्र के **चार** खण्ड हैं – क, ख, ग और घ ।*

*(ii) चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है ।*

*(iii) यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।*



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

CBSE PORTAL
www.cbseportal.com

## खण्ड क

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2\times6=12$

मैं सोच रहा हूँ पर ज़फ़र कोई भी बात नहीं सोच रहे हैं । वे अपनी धुन में हैं । वे कंघा चलाते हैं, पर वह नहीं चलता – उलझे बालों में अटक जाता है । ज़फ़र मियाँ बाल सुलझाते हैं और कंघा बढ़ाते हैं । कभी वह झुककर बालों का मिलान देखते हैं, कभी उभारकर, कभी इधर और कभी उधर । एक-एक बाल पर, एक-एक ढलाव पर, एक-एक मिलान पर ज़फ़र की निगाह है, जैसे कोई इंजीनियर किसी पुल के खंभों का मिलान देख रहा हो ।

यों कटिंग पूरी हुई और कैंची को चार बार ताल के साथ खाली ही चुकर-चुकर चलाया, ज़फ़र ने कहा – लो सरकार, कट गए आपके बाल ।

अब उन्होंने उठाया ब्रश और जुटे हज़ामत पर । हज़ामत में भी वहीं तल्लीनता । एक हाथ सीधा, तो एक उलटा और तब यह देखभाल कि कहीं कोई कील तो नहीं रह गई । कील ही नहीं, क़लम से लेकर मूँछों की छँटाई तक के काम उन्होंने पूर्ण सुंदरता से किए ।

बीस मिनट से ज़्यादा मैं ज़फ़र की इस तल्लीनता को देखता रहा । सच यह है कि ज़फ़र उस मज़दूर के बालों में लीन थे और मैं ज़फ़र में । देखते-देखते मैं भावों से भर उठा था, यहाँ तक कि हज़ामत की ऊँची कुरसी पर आने को जब मैं उठा तो इतना भाव-विभोर था कि मैंने ज़फ़र को अपने में दबोच लिया ।

पैसे देकर जब वह मज़दूर चला गया तो मैंने कहा – ज़फ़र मियाँ ! तुम तो उस मज़दूर से ऐसे लिपटे कि जैसे ज़िले का कलक्टर ही तुम्हारी दुकान पर आ बैठा हो ।

ज़फ़र ने जो जवाब दिया, उससे आगरे का पेठा और दिल्ली का सोहन हलवा दोनों फीके पड़ गए । बोले – बाबू जी, मेरे लिए तो जो इस कुरसी पर बैठता है, वही कलक्टर है ।

'हर एक नागरिक में अपने काम के लिए यह चाव, श्रम के प्रति यह श्रद्धा और पेशे के प्रति ईमानदारी के इस भाव का जागरण ही राष्ट्र की जीवनी-शक्ति का सर्वोत्तम मापदंड है ।'

(क) ज़फ़र का क्या व्यवसाय है ? उनके काम की तुलना इंजीनियर से क्यों की गई है ?

(ख) ज़फ़र के बाल काटने के कौशल पर टिप्पणी कीजिए ।

(ग) हज़ामत बनाने में ज़फ़र क्या सावधानियाँ बरत रहे थे ?

(घ) इस कथन में निहित व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए :
"तुम तो उस मज़दूर से ऐसे लिपटे कि जैसे ज़िले का कलक्टर हो ।"

(ङ) ज़फ़र के उत्तर में क्या बात थी जिसकी मिठास पर लेखक मुग्ध हो गया ?

(च) राष्ट्र की जीवनी-शक्ति का श्रेष्ठ पैमाना क्या है ?



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

**2.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *2×4=8*

आज जीत की रात पहरुए, सावधान रहना

खुले देश के द्वार अचल दीपक समान रहना ।

प्रथम चरण है नए स्वर्ग का है मंज़िल का छोर

इस जन-मंथन से उठ आई पहली रत्न-हिलोर

अभी शेष है पूरी होना जीवन मुक्ता डोर

क्योंकि नहीं मिट पाई दुख की विगत साँवली कोर

ले युग की पतवार बने अंबुधि महान रहना

पहरुए सावधान रहना ।

ऊँची हुई मशाल हमारी आगे कठिन डगर है

शत्रु हट गया, लेकिन उसकी छायाओं का डर है

शोषण से मृत है समाज, कमज़ोर हमारा घर है

किंतु आ रही नई ज़िंदगी यह विश्वास अमर है

जनगंगा में ज्वार, लहर तुम प्रवहमान रहना

पहरुए सावधान रहना ।

(क) काव्यांश में किसको सावधान किया गया है और क्यों ?

(ख) 'नहीं मिट पाई दुख की विगत साँवली कोर' का क्या तात्पर्य है ?

(ग) देश की प्रगति के मार्ग को 'कठिन डगर' क्यों कहा गया है ?

(घ) काव्यांश का भाव स्पष्ट कीजिए ।


Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/
CBSE PORTAL www.cbseportal.com

## खण्ड ख

**3.** वाक्य में प्रयुक्त शब्द को क्या कहते हैं ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए । *1+1=2*

**4.** निर्देशानुसार वाक्य-रूपांतरण कीजिए : *1×3=3*

(क) बुद्धिमानों की सब प्रशंसा करते हैं । (मिश्रवाक्य में)

(ख) वह शरीर से दुर्बल व्यक्ति इस कठिन कार्य को नहीं कर सकता । (संयुक्त वाक्य में)

(ग) जो परिवार से मिलकर रहते हैं उन्हें कभी दुख नहीं झेलना पड़ता । (सरल वाक्य में)

**5.** (क) निम्नलिखित शब्दों का समास-विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए : *1+1=2*

(i) मानव-धर्म

(ii) सुपुत्र

(ख) निम्नलिखित शब्दों को समस्त-पद बनाकर समास का नाम लिखिए : *1+1=2*

(i) महान जो आत्मा

(ii) ज़िले का अध्यक्ष

**6.** निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए : *1×4=4*

(क) मैं फल खाया ।

(ख) उन्होंने सिफारिश करी ।

(ग) आप क्या कहे थे ?

(घ) मुझे केवल दस रुपए मात्र मिले ।

**7.** निम्नलिखित मुहावरों का प्रयोग इस प्रकार कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए : *2*

जिगर के टुकड़े-टुकड़े होना, आगबबूला होना ।


Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

CBSE PORTAL www.cbseportal.com

## खण्ड ग

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *2+2+1=5*

(क) 'गिरगिट' कहानी के आधार पर ओचुमेलॉव के चरित्र की दो विशेषताओं को अपने शब्दों में लिखिए ।

(ख) 'चाजीन' किसे कहते हैं ? 'झेन की देन' पाठ में चाजीन ने कौन-सी क्रियाएँ पूरी कीं ?

(ग) 'कारतूस' पाठ के आधार पर बताइए कि कर्नल कालिंज का ख़ेमा जंगल में क्यों लगा हुआ था ।

**9.** 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के माध्यम से लेखक ने क्या संदेश दिया है ? आज के संदर्भ में यह महत्त्वपूर्ण क्यों है ? समझाइए । *5*

**10.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *2+2+1=5*

उसके अफ़साने सुन के राबिनहुड के कारनामे याद आ जाते हैं । अंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ उसके दिल में किस क़दर नफ़रत है । कोई पाँच महीने हुकूमत की होगी । मगर इस पाँच महीने में वो अवध के दरबार को अंग्रेज़ी असर से बिलकुल पाक कर देने में तक़रीबन कामयाब हो गया था ।

(क) किसके अफ़सानों की बात की गई है ? उसके क्या कारनामे याद आ जाते हैं ?

(ख) वज़ीर अली के दिल में किसके प्रति नफ़रत थी ? उसका क्या प्रभाव पड़ा ?

(ग) गद्यांश में संवाद किनके बीच चल रहा है ?

**11.** (क) 'बिहारी के दोहे' में छाया की किस दशा का वर्णन किया गया है ? छाया की ऐसी स्थिति क्यों हो गई है ? *2*

(ख) 'मधुर-मधुर मेरे दीपक जल' कविता में किन भावनाओं को व्यक्त किया गया है ? किन्हीं दो का उल्लेख कीजिए । *2*

(ग) 'आत्मत्राण' कविता हमें क्या संदेश देती है ? *1*

**12.** 'मनुष्यता' कविता के आधार पर लिखिए कि सबसे बड़ा विवेक क्या है ? मनुष्यता के अन्य गुणों को भी समझाइए । *5*

**13.** 'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर लिखिए कि अभिभावक, बच्चों को खेल-कूद में ज़्यादा रुचि लेने पर क्यों रोकते हैं । आज की व्यवस्था में बच्चों की खेल के प्रति सहभागिता और उससे प्राप्त जीवन-मूल्यों पर अपने विचार लिखिए । *5*



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/
CBSE PORTAL www.cbseportal.com

## खण्ड घ

**14.** निम्नलिखित विषयों में से किसी ***एक*** विषय पर संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : *5*

(क) स्वतंत्रता-दिवस समारोह

- त्याग, बलिदान का स्मारक
- विभिन्न कार्यक्रम
- संदेश

(ख) सैनिकों के प्रति सद्भाव

- सैनिक देश के रक्षक
- त्याग और शौर्य के प्रतीक
- सैनिकों से प्रेरणा

(ग) पशु-पक्षियों के प्रति प्रेम

- मानव-जीवन के अंग
- आत्मीयता और सहज स्नेह
- जीवदया-मानवता का संदेश

**15.** राशनकार्ड बनवाने के लिए अपने परिवार के सदस्यों का विवरण देते हुए क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी को आवेदन-पत्र लिखिए । *5*

**16.** विद्यालय स्पोर्ट्स-क्लब के सचिव की ओर से सूचना-पट्ट के लिए लगभग 30 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए, जिसमें विभिन्न खेलों में सायंकालीन प्रशिक्षण हेतु विद्यार्थियों के नाम माँगे गए हों । *5*


Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

**17.** जंक-फूड से होने वाली हानियों के सम्बन्ध में माता-पुत्र के बीच हुए संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए। *5*

**18.** मेट्रो में यात्रा करते समय छूट गए अपने महत्त्वपूर्ण सामान का विवरण और उसे वापस करने वाले को पुरस्कार का आश्वासन देते हुए लगभग 25 शब्दों में एक विज्ञापन लिखिए। *5*


Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE